हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–131 : जौनपुर, शुक्रवार 20 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ के त्रयोदशाह में पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह : अर्पित किए श्रद्धांजलि

प्रयागराज ब्यूरो : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ के त्रयोदशाह में हिस्सा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे। उनकी आगवानी के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक पहले से ही मौजूद रहे। राजनाथ सिंह करीब एक घंटे तक लोहिया मार्ग स्थित पूर्व राज्यपाल के आवास पर रहे। उन्होंने केशरीनाथ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उनके पुत्र नीरज त्रिपाठी, पुत्र वधु कविता यादव त्रिपाठी से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। राजनाथ सिंह ने केशरीनाथ त्रिपाठी के साथ बिताए गए पलों को याद किया। सेना के विमान से प्रयागराज पहुंचे थे। पंडित जी इच्छा थी कि उनके परिवार का भी कोई व्यक्ति आए सक्रिय राजनीति में – दिनेश शर्मा उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा की उनकी जब केसरीनाथ त्रिपाठी से पिछली मुलाकात हुई थी तब उन्होंने इच्छा जाहिर की थी कि उनके परिवार का कोई व्यक्ति सक्रिय राजनीति में



आए। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि उनके पूर्व राज्यपाल से आत्मीय संबंध रहे। कहा कि जब मैं लखनऊ का पहली बार मेयर बना तो मेरे नाम का प्रस्ताव उन्होंने ही रखा था। विधानसभा अध्यक्ष का कार्यकाल रहा हो या फिर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का, केसरी नाथ पार्टी को जो भी कार्य मिला उसका दायित्व उन्होंने बखूबी निभाया।

## लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश को मोदी योगी शाह और नड्डा द्वारा मंथन की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेता प्रदेश को मथने की तैयारी कर रहे हैं। पहले चरण में गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा क्षेत्रों में सभाएं, सम्मेलन और रैलियां कर चुनावी जमीन तैयार करेंगे। दूसरे चरण में लोकार्पण, उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के जरिये प्रधानमंत्री भगवा माहौल बनाएंगे। पार्टी ने पहले चरण में बसपा, सपा और कांग्रेस के कब्जे वाली 14 सीटों को चुना है। इन पर जेपी नड्डा, शाह और योगी की रैलियां होंगी। कुछ दिग्गज केंद्रीय मंत्रियों और संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों के कार्यक्रम भी होंगे। इसी क्रम में जेपी नड्डा शुक्रवार को गाजीपुर से चुनावी शंखनाद करेंगे। वह यहां भूतपूर्व सैनिकों के सम्मेलन में शामिल होंगे और बूथ अध्यक्ष के घर चाय पीएंगे फिर मंदिर के दर्शन करेंगे। फिलहाल यहां से माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी बसपा से सांसद हैं। पार्टी हारी हुई सीटों पर पहला दौरा करने के बाद जीतीं 66 सीटों पर फोकस करेगी। इनमें शाह, नड्डा और योगी के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और केंद्रीय मंत्रियों के अलावा संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। फिर जून के बाद प्रधानमंत्री हर महीने लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इसको लेकर शिलान्यास, लोकार्पण और उद्‌घाटन से जुड़ी परियोजनाओं की सूची बनाई जा रही है। इनमें जेवर एयरपोर्ट, अयोध्या में मर्यादा



पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नोएडा फिल्म सिटी का शिलान्यास, मेट्रो रेल परियोजना, सिंचाई और एक्सप्रेसवे परियोजनाएं शामिल हैं। संगठन की रणनीति है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सभी 80 सीटों पर पार्टी एक से दो बार उपस्थिति दर्ज कराकर भगवा माहौल बनाए। योगी ने खोला खजाना मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर खजाना खोल दिया है। त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत प्रत्येक विधायक को तीन करोड़ और सांसद को पांच करोड़ रुपये का बजट देने की तैयारी है। इस तरह 1150 करोड़ रुपये का बजट दिया जाएगा। सांसद और विधायकों से संवाद के जरिये सामने आ रही समस्याओं और शिकायतों का समाधान सरकार के स्तर से किया जा रहा है। सांसद और विधायकों की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आवश्यक बड़े कार्य कराने की कवायद भी शुरू की गई है।

## डाल सिंह मेमोरियल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : मंगली पुरवा स्थिति डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में आज दिनांक 20/01/2023 राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह के अंतर्गत बच्चों से स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसके अंतर्गत बच्चों ने समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखे व चित्रकला के द्वारा बच्चों ने जागरूकता फैलाते हुए बताया कि बेटी को बोझ न समझें और न ही बेटा – बेटी में भेद करें, बेटी है तो आगे आने वाली पीढ़ी असुरक्षित है इसलिए बेटी को बेटों की तरह ही शिक्षित करें ताकि आने वाले समय में वह अच्छे नागरिकों का निर्माण कर के समाज सुधार में अतुलनीय योगदान कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय उप प्रबंधक मुकेश सिंह ने बच्चों के निबंध प्रतियोगिता के लिए उनका उत्साहवर्धन किया निबंध के द्वारा बच्चों ने समाज को लिंग भेदभाव न करने की अपील की और समाज में लड़का और लड़की का बराबर का दर्जा देने की अपील की। प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी ने बेटी बचाओ चित्र



प्रतियोगिता के द्वारा संदेश दिया कि लड़की आने वाले कल की समाज की रीढ़ है यदि लड़की ही ना होगी तो आगे पीढ़ियां कैसे बढ़ सकेगी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका कविता गुप्ता , अर्पिता सिंह, विनीता शुक्ला ,मनसा बाजपाई ,बीना गुप्ता ,प्रिया दिव्या सिंह सोनम शुक्ला नाजरीन रोली तथा शिक्षक राम प्रकाश पांडे अशोक कुमार गुप्ता देवेश प्रसाद आदि मौजूद रहे

## आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आर्बिट्रेशन के निष्पादन याचिकाओं/प्रार्थनापत्रों अन्तर्गत धारा 34 आर्बिट्रेशन एण्ड कोन्शिलिएशन एक्ट, 1996 से सम्बन्धित अधिक से अधिक वादों का 21 जनवरी 2023 को आयोजित विशेष लोक अदालत में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का सुलह समझौतें के माध्यम से निस्तारण कराये जाने हेतु किया जायेगा। इसमें वादकारीगण न्यायालय में आकर आर्बिट्रेशन एण्ड कोन्शिलिएशन एक्ट के अन्तर्गत निष्पादन वादों को सुलह–समझौतें के आधार पर निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है। उक्त जानकारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी./सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रशान्त कुमार ने दिया।

## धर्मांतरण मामले में खुलासा : गाजी के तीन खातों में विदेशों से आती थी फंडिंग : कॉल डिटेल्स खंगाल रही पुलिस

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेले में धर्मांतरण रैकेट चलाने वाले महमूद हसन गाजी के तीन खातों की जांच के बाद पता चला है कि उसके तीनों खातों में विदेशों से फंडिंग आती थी। पुलिस अब गाजी के कॉल डीटेल्स से पता लगाने का प्रयास कर रही है वह किन किन लोगों के संपर्क में रहता था। माघ मेले में मंगलवार को पुलिस ने धर्मांतरण रैकेट चलाने वालों का भंडाफोड़ करते हुए जीटीबी नगर करेली के महमूद हसन गाजी, मो.मोनीश और समीर उर्फ नरेश कुमार सरोज को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 204 धार्मिक किताबें बरामद हुईं थीं। पूछताछ में पता चला गिरोह धर्मांतरण भी करता है। सूचना फैलते ही हड़कंप मच गया। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि गाजी को विदेशों से भी फंडिंग आती है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि वह धर्मांतरण कराता है। माघमेला और अन्य धार्मिक स्थानों पर गिरोह के लोग न सिर्फ साहित्य बेचते थे बल्कि किताबें खरीदने वालों के नाम, पता और मोबाइल नंबर भी लेते थे। बाद में उनसे संपर्क कर उन्हें धर्मांतरण का लालच देते थे। पूछताछ में उसके यूएई, सऊदी अरब, बांग्लादेश, और कतर से उसके संपर्कों का पता चला था। बुधवार को पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया था। पुलिस अब उनके मोबाइल काल डीटेल्स, बैंक खातों और सोशल



मीडिया एकाउंट के अलावा ईमेल की भी जांच कर रही है। गाजी के एसबीआई और बैंक आफ इंडिया में तीन एकाउंट हैं। उसके तीनों एकाउंट में विदेशों से पैसा आता था। पुलिस सारे ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है। इसके अलावा उसके कॉल डीटेल्स की भी जांच की जा रही है कि वह किन लोगों के संपर्क में रहता था। सोशल मीडिया की भी जांच की जा रही है। वह तीन बार सऊदी अरब जा चुका है। पता लगाया जाएगा कि वहां उसकी क्या गतिविधियां रही हैं।

## राजकीय बालिका इण्टर कालेज हरदोई में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई राजकुमार सिंह के आदेशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में एवं अपर जिघ्ला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय हरदोई सुधाकर दुबे की अध्यक्षता में बालिकाओं के जन्म और शिक्षा का अधिकार विषय पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज हरदोई में किया गया। जिसमें अपर जिला जज / सचिव ने सम्बन्धित विषय पर जानकारी देते हुये बताया कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है क्योंकि भारत का कानून हमारे संविधान पर ही आधारित है।हमारे संविधान के द्वारा ही मनुष्य को मौलिक कर्तव्य व मौलिक अधिकार मिले हैं। किसी भी नागरिक का विकास तब–तक संभव नही है–जब –तक वह शिक्षित न हो जाये। इसीलिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 को लाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य 6 से 14 वर्ष के बालक बालिकाओं को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना। शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के लिए जरूरी है, शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति अपने देश व समाज को आगे बढ़ा सकता है। शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति गरिमापूर्ण जीवन जी सकता है और शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति शक्तिशाली बन सकता है। इसलिये शिक्षा हमारे जीवन में बहुत जरूरी है साथ ही उन्होने महिलाओ की सुरक्षा का अधिकार विषय के बारे में जानकारी दी। उन्होने आगे कहा कि प्रत्येक छात्र को स्किल फुल शिक्षा ग्रहण करना चाहिये क्योंकि शिक्षा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिषक का निर्माण करने का कार्य करती है एवं शिक्षा के प्रति किसी छात्र की सोंच नकारात्मक नही होनी चाहिए। अन्त मे उन्होने उपस्थित छात्राओं से पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। नायब तहसीलदार सदर सुश्री सुरभि रॉय ने जानकारी देते हुए कहा कि माता– पिता को चाहिये कि बालिकाओं का





जन्म होने पर संविधान उन्हें भी समान शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। उन्होने सरकार द्वारा महिलाओ के लिये चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया। कार्यक्रम का संचालन लीगल एड क्लीनिक फरहान सागरी ने किया। लीगल एडवाइजर दिनेश कुमार ने वीमेन पावर हेल्पलाइन '1090,' मुख्यमंत्री हेल्पलाइ '1076,' चाइल्ड लाइन '1098' सहित जिघ्ला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में भी बताया। प्राधानाचार्य शालिनी शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुये कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर विधिक जागरुकता शिविरों के माध्यम से छात्राओं को सम्बन्धित विषयों पर जागरुक किया जाना बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को ओर से कनिष्ठ लिपिक अभिषेक अवस्थी, कालेज लिपिक बी.पी.सिंह सहित छात्राएं मौजूद रहीं।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बीआरसी बल्दीराय में हुआ हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बच्चों में बुनियादी कौशल विकास के लिए बीआरसी बल्दीराय के प्रांगण में हमारा आंगन–हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बल्दीराय श्री महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने हमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया खण्ड शिक्षा अधिकारी




रोजी सिंह ने उत्सव को सम्बन्धित करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। उपजिलाधिकारी श्री महेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी राजवन्ती सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके अलावा रेडीनेस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री उत्कृष्ट कार्य करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा । इस मौके पर ए आर पी शमीम खान, ए आर पी प्रतिभा सिंह, रामधर यादव , मनोज कुमार यादव , बी आर सी से संदीप पाण्डेय , पंकज कुमार , मनोज कुमार यादव , सुदीप सिंह , जितेन्द्र बहादुर सिंह , प्रधानाध्यापक हरिश्याम मौर्य सहित सभी नोडल शिक्षक मौजूद रहे।

## मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड का आवंटन निरस्त कर हटाया गया कब्जा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उपजिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्ला ने बताया है कि मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड बरखेरवा अहिरोरी के पक्ष में एक तालाब का आवंटन किया गया था। तालाब की गाटा संख्या 1234 इ है जिसका क्षेत्रफल 2.971 हे० है। समिति



द्वारा पिछले 2 वर्षों से लगान का भुगतान नही किया जा रहा है। इसलिए जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 13 जनवरी 2023 को आवंटन निरस्त कर त्वरित कार्रवाई करते हुए 34 खातेदारों को कब्जा दिला दिया गया है। इसके साथ ही मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड बरखेरवा अहिरोरी को हस्तक्षेप करने से मना कर दिया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ईमानदारी और परिश्रम का फल देर से पकता है पर होता बहुत मीठा है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# बिहार में जातीय जनगणना : राष्ट्रीय–क्षेत्रीय दलों में तकरार

क्या देश में जाति एक सच नहीं है? क्या देश में जाति के नाम पर भेदभाव नहीं होता? इन दोनों सवालों का जवाब 'हां' में ही है। तो ऐसे में कोई भी सामान्य और समझदार नागरिक यही सुझाव देगा कि जाति आधारित जनसंख्या हो ताकि पिछड़ों, वंचितों के लिए खास सरकारी स्कीम बने और उनके उत्थान के लिए काम किया जा सके। लेकिन असल सवाल यह है कि केवल क्षेत्रीय दल ही 'कास्ट सेन्सेस' की बात क्यों करते हैं? बीजेपी या कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल क्यों नहीं?

जवाब आसान है आरजेडी, जेडीयू, सपा, बसपा जैसी पार्टियां एक खास तबके के वोट बैंक के आधार पर अपनी राजनीति करती आई है। जेडीयू कुर्मी और आरजेडी/सपा यादव वोट बैंक, आईएनएलडी जैसी पार्टी जाटों और बीएसपी–एससी जाटवों को आधार बनाकर सियासत करती है और कई–कई बार अपने सूबों में सरकार भी बनाती रही हैं। इसलिए इस बार भी ये दल ही जातिगत जनगणना के पक्ष में जमकर बैटिंग कर रहे हैं। बिहार में तो जेडीयू–आरजेडी की सरकार ने अपने सूबे में जातीय जनगणना कराना शुरू भी कर दिया है।

बिहार में जातीय जनगणना

जनगणना कराने का काम केन्द्र सरकार का होता है लेकिन बिहार की बीजेपी–विरोधी नीतीश सरकार इस बार मोदी सरकार की रजामंदी का इंतजार नहीं करना चाहती। मोदी सरकार ने भी अभी इरादा साफ नहीं किया है कि कोविड की वजह से दो साल पहले जो राष्ट्रीय जनगणना का काम रोका गया था वो अब कब शुरू होगा और अगर होगा भी तो उसमें जाति आधारित जनगणना होगी या नहीं?

लेकिन नीतीश कुमार जल्दी में हैं। ये सर्वे कराकर वो कम से कम अपने राज्य में ओबीसी (और खासकर एमबीसी– पिछड़ों में भी पिछड़ा वर्ग यानी मोस्ट बैकवर्ड क्लास) में ये स्थापित करना चाहते हैं कि वो ही उनके असली हितैषी हैं और ये आंकड़े आने के बाद वो इस वंचित समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करेंगे, लेकिन क्या सिर्फ यही परोपकारी या सामाजिक मंशा है नीतिश कुमार की?

इस पूरे जनगणना के खेल में राजनीति को भी समझिए। बिहार के जातीय जनगणना के आंकड़े आने के बाद नीतीश और उनके साथी, आरएसएस–बीजेपी पर चढ़ाई कर पाएंगे कि ये अगड़ों और सवर्णों के संगठन हैं। पिछड़ों का भला चाहते ही नहीं तभी जाति आधारित जनगणना नहीं कराते हैं।

नीतिश के ये सब करने के पीछे बड़ी वजह है, 2014 के बाद से बहुत बड़े ओबीसी वर्ग का बीजेपी की तरफ चले जाना। आंकड़ों से आप समझ जाएंगे कि कैसे 1996 से लेकर 2019 तक के चुनाव आते–आते रीजनल पार्टियों की जान रहा ओबीसी वर्ग अब खुलकर मोदी का बीजेपी के लिए वोट कर रहा है।

दरअसल भगवा परिवार (संघ और बीजेपी) की राष्ट्रवादी और राम मंदिर की राजनीति ने ओबीसी वर्ग में एक बहुत बड़ा तबका पैदा कर दिया जो अपने आपको हिंदू पहले मानने लगा और ओबीसी बाद में। इसी तबके ने 2019 के लोकसभा चुनावों में क्षेत्रीय दलों को नुकसान पहुंचाया। ऊपर से मोदी की शख्सियत ने भी, खासकर उत्तर भारत के एमबीसी तबके को बीजेपी के लिए वोट करने पर मजबूर किया।

ऐसे में क्षेत्रीय पार्टियों को लगता है कि 2024 में जब राम मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार होगा तो बीजेपी के हिंदुत्व कार्ड का काट केवल जातीय जनगणना के आंकड़े ही कर पाएंगे, तभी बाबा साहेब अंबेडकर की बात नीतीश और उनके साथी रह–रहकर याद दिला रहे है–

जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी साझेदारी!

1881 में पहली बार अंग्रेजों ने देश में सेंसेस करवाई जोकि हर दस साल में होनी तय हुई। 1931 में पहली बार जाति आधारित जनगणना हुई। उस वक्त के आंकड़ों के हिसाब से ही आज जातीय वर्गीकरण चला आ रहा है और उसी हिसाब से अलग–अलग जातियों के लिए सरकारें योजनाएं बनाती रही हैं।

जाति आधारित जनगणना को लेकर थी आशंका

देश आजाद होने के बाद नेहरू और पटेल की कैबिनेट ने तय किया था कि जाति आधारित जनगणना से देश में हालात चिंताजनक हो सकते हैं तो केवल जनगणना के एससी–एसटी के आंकड़े ही जारी होते रहे। यहां तक की 70–80 के दशक की राजनीति में जाति व्यवस्था को खत्म करने के नाम पर लोहिया और उनके तमाम प्रशंसकों ने अपने सरनेम (टाइटेल) लगाने तक बंद कर दिए थे।

इन शख्सियतों में लालू प्रसाद और मुलायम सिंह जैसे नेता भी थे। इन्हीं नेताओं ने ही 1990 के दौर में वीपी सिंह की सरकार में मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू करवाया और ओबीसी को आरक्षण दिलवाया। मंडल कमीशन के जरिए आरक्षण लागू कराने का फायदा एसपी– बीएसपी को यूपी में और आरजेडी और जनता दल को बिहार–कर्नाटक जैसे राज्यों में मिला। इन सूबों में कांग्रेस और बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी की साख और संख्या दोनों में कमी आई।

बाद में इन्हीं लोगों (लालू, मुलायम और शरद यादव जैसे ओबीसी नेताओं) ने दबाव बनाकर 2010 में यूपीए सरकार के राज में जातीय जनगणना का बिल पास कराया। जनगणना के लिए बजट सेन्क्शन कराया। 2011 में जनगणना हुई भी पर आंकड़े सार्वजनिक नहीं हुए।

मंडल–2 का दौर

अब जब बिहार में जाति आधारित जनगणना चल रही है तो इसे मंडल –2 का दौर कहा जा रहा है।

मंडल–वन के दौर में बीजेपी 1996 से लेकर 2009 तक ओबीसी वोटों के मामले में जूझती ही रही, लेकिन 2014 और फिर 2019 में इस हिंदुत्ववादी पार्टी ने ओबीसी वोटों में जो जबरदस्त प्रदर्शन किया उससे क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व पर संकट छाने लगा, खासकर लोकसभा चुनावों में, इसलिए नीतीश के इस कदम को मंडल–टू कहा जा रहा है, क्योंकि कुछ लोगों को ये डर है कि ये आंकड़े अगड़ों और पिछड़ों में और खाई पैदा कर देंगे, देश में नया बवाल खड़ा हो सकता है।

बीजेपी और कांग्रेस दोनों राष्ट्रीय दलों पर ये इल्जाम लगता है कि वो अपने अगड़े और सवर्णों को वोटबैंक को नाराज नहीं करना चाहती, तो ही वो देश में जातीय जनगणना कराने के लिए उत्साहित नहीं दिखती। मुंह पर विरोध भी नहीं करेगी, लेकिन ये काम पूरा हो उसमें मदद भी नहीं करेगी।

ऐसे में एक सुझाव जो शायद सबकी मदद कर दे– राष्ट्रीय दलों को ही जातीय जनगणना कराने में आगे आना चाहिए, इससे क्षेत्रीय और छोटे दलों का भरोसा जीत पाएंगे। छोटे व क्षेत्रीय दलों को ये वादा देश से करना चाहिए कि वो जातीय जनगणना के आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर जनसंख्या के आंकड़े के आने के बाद ही मानेंगे। राष्ट्रव्यापी सभी दलों को तय कर लेना चाहिए कि 2047 तक जाति आधारित असमानता को देश से खत्म करने में सब मिलकर प्रयास करेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# श्वास की कीमत को पहचानो – प्रेम रावत

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : हरपालपुर कस्बे में मानवता एवं शांति शिविर में श्रोताओं की खासी भीड़ उमड़ रही है इस शांति संदेश शिविर में विश्व शांति दूत एवं विश्व शांति शिक्षा कार्यक्रम के संस्थापक शांति वक्ता प्रेम रावत जी द्वारा शांति संभव है विषय पर दिए गए उद्बोधनो के वीडियो कार्यक्रम दिखाएं और सुनाएं जाते हैं वीडियो कार्यक्रम में प्रेम रावत जी ने स्वास की कीमत को पहचानने को कहा उन्होंने कहा की आती जाती स्वास वह पहचानो जिस शांति की तलाश तुम बाहर करते हो वह तुम्हारे ही अंदर है विश्व शांति दूत प्रेम रावत जी ने कहा की घट में है सूझे नहीं लानत ऐसी जिंद तुलसी यह संसार को भयो मोतियाबिंद शांति वक्ता प्रेम जी ने कहा मरग नाभि कुंडल बसे मृग ढूंढे बन माहि ऐसे घट घट ब्रह्म है दुनिया जानत नाहि। कार्यक्रम में श्रोताओ की उमड़ रही भीड़ प्रेम रावत जी के संदेश की सराहना कर रही है कार्यक्रम में सचिन स्वर्णकार आरेंद्र कुशवाहा बदन सिंह यादव भी सहयोग कर रहे हैं कार्यक्रम में प्रेम रावत के अनुयाई अपनी अपनी




जिम्मेदारियों के प्रति सचेत ,सतर्क दिखे यही नहीं आगंतुकों का स्वागत भी कार्यक्रम को खास बनाता दिखाई पड़ा फिलहाल इस कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है आयोजक बताते हैं कि यदि आप प्रेम रावत जी के बारे में और अधिक जानना चाहते हैं तो प्रेम रावत.काम और टाइम लिस्ट टुडे के माध्यम से अपने मोबाइल पर गूगल के माध्यम से जान सकते हैं।

# मासिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज सामु० स्वा० केंद्र बावन, मे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी अर्चना गुप्ता द्वारा फीता काट कर किया गया, शिविर में लगभग 250 मरीजों को चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की गयीं । डॉ० पंकज मिश्रा, अधीक्षक सामु० स्वा० केंद्र बावन द्वारा बताया गया कि आज की तनाव भरी जीवन शैली, गलत आदतें, सामाजिक ताना–बाना लोगों को मानसिक बीमार बना रहा है । शिविर में नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ० सुशील कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी गयी टीम के सदस्य अंशू सूरी ने बताया कि जिन व्यक्तियों को नींद कम आती है या बहुत कम सोते हैं, सोकर उठने पर सिर भारी रहता है, उलझन घबराहट बैचौनी रहती है, वह भी मानसिक बीमारी के मरीज हो सकते हैं । वे सभी डॉ० की सलाह अवश्य लें । इस क्रम में लैसमीन, क्लीनिकल सायक्लोजिस्ट ने बताया कि आपका बच्चा पढाई में कमजोर है, बात देर में समझता है, बहुत जिद करता है, बिस्तर गीला करता है, अंगूठा चूसता है, बहुत गुस्सा करता है, अत्यधिक चंचल है यह भी मानसिक रोग के लक्षण हो सकते हैं, ऐसे बच्चों को चिकित्सक की सलाह की आवश्यकता है । माता–पिता को




चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए । डॉ० संतोष यादव ने बताया कि नशा करने वाले, अपराधी भी मानसिक रोगी होते हैं । विकास गुप्ता, निरीक्षण एवं मूल्यांकन अधिकारी ने बताया कि डब्लू०एच०ओ० की रिपोर्ट के अनुसार हर तीन व्यक्ति में से एक व्यक्ति मानसिक रोगी है, जो कि लगातार बढ़ते जा रहे हैं, आपने बताया कि वृद्ध जनों के लिए सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को जिला चिकित्सालय में कक्ष सं० 7 में विशेष तौर पर मानसिक चिकित्सा एवं परामर्श उपलब्ध कराये जाते हैं । शिविर में डॉ० दिलीप कुमार यादव, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, इंद्र भूषण सिंह, डॉ० एजाज अहमद, शुभेन्द्र प्रताप सिंह, वरुण कुमार, आर०एन० तिवारी फार्मासिस्ट उपस्थित रहे ।

# कश्मीर में 19 जनवरी 1990 कश्मीरी हिन्दू विस्थापन (काला) दिवस के रूप मे मनाया गया

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊः कश्मीर में 19 जनवरी 1990 कश्मीरी हिन्दू विस्थापन (काला) दिवस के रूप मे मनाया जाता है , कश्मीरी हिंदू की आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 19 जनवरी 2023 दोपहर 5:00 बजे सिविल हॉस्पिटल, पार्क रोड, हजरतगंज लखनऊ (डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के सामने किया गया)। हजरतगंज, लखनऊ मैं हमारे शहीद हुए सुरक्षा बलो के जवानों को एवं कश्मीरी हिन्दुओं को श्रद्धांजलि दी गयी। लखनऊ में रहने वाले कश्मीरी हिंदुओं और राष्ट्रवादी संगठनों ने इस घटना की घोर निंदा की, पनुन कश्मीर के सचिव रवि काचरू ने बताया की प्रधानमंत्री पैकेज के द्वारा लगभग 4000 कश्मीरी हिंदू माइग्रेंट को नौकरियां दी गई है, ये एक अंगराग के सिवा कुछ नहीं है, पिछले कुछ सालों में कश्मीरी हिंदुओं को टारगेट किलिंग के तहत मारा जा रहा है (नाम पूछकर के हिंदू धर्म के लोगों को मारा जाता है), केंद्र की सरकार कब तक कश्मीरी हिंदुओं के नरसंहार का खंडन करती रहेंगी और कब वो ये मानेगी कि कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं का इस्लामिक कट्टरपंथी के सैनिकीकरण की वजह से जनसंहार हुआ है और कब तक कश्मीरी पंडित अपने देश में माइग्रेट कहलाएंगे और सरकार उनके जनसंहार को झुठलाती रहेंगी। हमारी केंद्र सरकार से यह अपील है कि प्रधानमंत्री माइग्रेनट पैकेज के तहत सरकारी नौकरी करने वाले कश्मीरी हिंदुओं को कश्मीर में ना रख करके जम्मू में ही उनको ट्रांसफर करके नौकरियां दे ताकि वो सुरक्षित रहे और





उनका परिवार भी सुरक्षित रहे। कश्मीर में जब सैनिक अपने बंककरों में सुरक्षित नहीं है तो एक आम इंसान कैसे सुरक्षित होने का एहसास कर पाएगा। इस अवसर पर पंडित रवि कचरू,डॉक्टर अजय दत्त शर्मा, डॉक्टर संजय भट्ट, प्रकाश कॉल, रोहित चंद्रा ,संदीप मुंशी,राजीव मिर्जा,संजय काचरू, प्रभाकर नागू, रामेंद्र भट्ट, हितेश कचरू, दीपक कचरू, सुनील शंखधर, भुवन अग्रवाल, विनायक शुक्ला, प्रशान्त शुक्ला, शरद प्रकाश, संजीव पाण्डे, विश्वनाथ शुक्ला प्रवीण राय वा अन्य सहयोगी संस्थाओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए वीर सावरकर विचार मंच, विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेघा जागृति संस्थान लखनऊ, सनातन हिंदू महासभा, राष्ट्रीय भगवा युवा संघ, जय श्री राम सेना व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# एन सी सी कैडेटों को शस्त्र चलाने का दिया गया प्रशिक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय शुक्रवार को क्षेत्र के सर्वोदय इंटर कालेज परिसर मे एन सी सी कैडेटों को विभिन्न प्रकार के शस्त्र चलाने का प्रशिक्षण दिया गया । 98 बटालियन के ए प्रमाण पत्र एवं बी प्रमाण पत्र की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले कैडेट्स को 5.56 एमएम इंसास राइफल 7.62 एसएलआर राइफल एवं पॉइंट 22 राइफल को खोलना जोड़ना एवं उनकी विशेषताओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मंडल में सूबेदार त्रिया हवलदार अमरीक सिंह एवं हवलदार हेमंत द्वारा प्रशिक्षण देते हुए सभी कैडेटों को शस्त्र चलाने का अभ्यास भी कराया गया ।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय ने प्रशिक्षकों को एवं बटालियन के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए केडिटो को को अच्छा स्कोर करने एवम अच्छी तरह से प्रशिक्षण लेने की नसीहत दी गई। इस मौके पर कैप्टन राजेश कुमार यादव एवं सेकंड ऑफिसर विनोद कुमार मिश्रा , श्रीमती रेखा यादव , दिनेश कुमार गुप्ता अनुराग कुमार यादव ,अनिल कुमार यादव ,अभिषेक मिश्रा आदि उपास्थित रहे।

# लक्ष्मी चौहान द पावर ऑफ वुमन का पोस्टर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया लखनऊ में लॉन्च

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ :विराट फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही बॉलीवुड हिंदी फिल्म "लक्ष्मी चौहान द पावर ऑफ वुमन" लखनऊ, माननीय केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार ने इस फिल्म बेटी का पोस्टर लॉन्च किया – बेटी बचाओ से संबंधित यह फिल्म उत्तर प्रदेश की महिला पुलिस अधिकारी लक्ष्मी चौहान के जीवन की जीवनी है। इस फिल्म के डायरेक्टर लखन चौधरी हैं और प्रोड्यूसर मोनिका शर्मा फिल्म मेकर के साथ बिजनेसमैन भी हैं। स्टार कास्ट – लक्ष्मी सिंह चौहान, गौरव कुमार, माधुरी सिंह एक्शन डायरेक्टर शाहबाज अली। फिल्म में इंस्पेक्टर लक्ष्मी चौहान खुद मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही हैं और गौरव कुमार अकरम खान के रूप में मुख्य खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। निर्देशक लखन चौधरी ने कहा कि यह फिल्म महिला सशक्तिकरण पर आधारित है, यह फिल्म लड़कियों के लिए प्रेरणादायी होगी, यह फिल्म उत्तर प्रदेश के कई जिलों में दिखाई जाएगी, इसमें ज्यादातर कलाकार उत्तर प्रदेश फिल्म सिटी का प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को दिल से धन्यवाद कहें। चौधरी जी ने बताया कि यह फिल्म पूरे चरत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता गौरव कुमार की एक और फिल्म का आज उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में डी सी पी लक्ष्मी सिंह चौहान की बायोपिक "लक्ष्मी चौहान" का पोस्टर लांच उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय केशव प्रसाद मौर्या जी की कार्यालय में लांच किया गया। पोस्टर लांच में "लक्ष्मी चौहान" की पूरी टीम मौजूद रही। फिल्म में मुख्य भूमिका में अभिनेता गौरव कुमार और डी सी पी लक्ष्मी सिंह चौहान , माधुरी सिंह के साथ डायरेक्टर लखन चौधरी , प्रोडूसर मोनिका शर्मा व टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। पोस्टर विमोचन में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्या जी ने पूरी टीम को शुभकामनाये दी और साथ में महिला शशक्तिकरण पर आधारित फिल्म को आशीर्वाद दिया। कई बड़ी मूवी से अपना अभिनय का लोहा मनवाने वाले अभिनेता गौरव कुमार "लक्ष्मी चौहान" में मुख्य विलन की किरदार निभा रहे है। आपको बता दे की गौरव कुमार




इसे पहले "रायबरेली", "शूट आउट इटावा सफारी", "सीतापुर सिटी ऑफ गैंस्टर" जैसी कई ब्लॉकबस्टर मूवी से अपने अभिनव से लोगो का दिल जीत चुकी है। अपनी जल्दी की मूवी रायबरेली से उन्होंने जल्द ही सुर्खिया और लोगो का खूब प्यार बटोरा है इनकी आने वाली फिल्म "लक्ष्मी चौहान" में एक अलग किरदार अकरम खान खलनायक के रूप में अपना हाथ आजमाएंगे जिसपे गौरव कुमार को उम्मीद है के लोगो और अपने फैन के दिलो में अपनी जगह और मजबूत कर पाएंगे ।अभिनेता गौरव कुमार ने अभिनय की शिक्षा भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ से पूरी की है। विराट फिल्म प्रोडक्शन लखन चौधरी पिछले 10 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में हैं। लखन चौधरी ने संगीत एल्बम, लघु फिल्म, रेड फिल्म, विज्ञापन फिल्म और बॉलीवुड फिल्मों का निर्देशन किया है। लखन चौधरी का ड्रीम प्रोजेक्ट डीएसपी की जीवनी फिल्म लक्ष्मी चौहान द पावर ऑफ वूमेन बना रहा है जिसमें मुंबई के जाने–माने अभिनेता और उत्तर प्रदेश के कई कलाकारों को फिल्म में अभिनय करने का मौका दिया गया है। यह फिल्म भारत के सभी सिनेमाघरों में लॉन्च की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस की फायरब्रांड महिला अधिकारी मानी जाने वाली लक्ष्मी चौहान ने शुरूआती दौर में सभी बड़े बदमाशों को मार गिराया और मुठभेड़ के बाद बड़ी संख्या में बदमाशों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया. उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगे, जिसके चलते तेजतर्रार महिला अधिकारी को जेल के पीछे रहना पड़ा. अब उन पर एक फिल्म भी बन रही है। बचपन से अब तक का सफर पर्दे पर दिखेगा लक्ष्मी चौहान का कहना है कि अब उन्होंने उन पर बायोग्राफिकल फिल्म बनाने की हामी भर दी है. उनका कहना है कि इस फिल्म में उनके बचपन से लेकर अब तक के सफर को विस्तार से दिखाया जाएगा। यानी जिन्होंने पर्दे के पीछे से उतार–चढ़ाव का अनुभव किया, उन्हें अब पर्दे पर देखा जा सकता है, साथ ही यह फिल्म महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगी. इस फिल्म में मुंबई के कलाकारों के साथ उत्तर प्रदेश के कलाकार भी अहम भूमिका निभाएंगे और इसकी शूटिंग जल्द शुरू होगी। फिल्म प्रचार कार्यक्रम में मुख्य रूप से तरुण, वीर विक्रम मुकेश सिंह चौहान एमएलसी सुरेंद्र चौधरी एमएलसी निर्मला पासवान मौजूद रहे।

# लाखा बंजारा नायक समाज सेवा संस्थान द्वारा विधायक निवास दारुलसफा में तहरी भोज का किया गया आयोजन

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह लखनऊ : तहरी भोज का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि अनूप प्रधान, राजस्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश, लालजी निर्मल, अध्यक्ष अनुसूचित जाति एवं जनजाति वित्त विकास निगम उत्तर प्रदेश, ओम प्रकाश नायक सदस्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश, महापौर संयुक्ता भाटिया नगर निगम लखनऊ, रामचंदर कनौजिया अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा उत्तर प्रदेश आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि लाखा बंजारा समाज की सरकार में भागीदारी दिलाने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। देश आजादी से लेकर आज तक किसी की सरकार ने कोई भी भागीदारी बंजारा समाज को नहीं दी और जल्द से जल्द हम लोग मुख्यमंत्री से मिलकर नायक समाज की राजनैतिक भागीदारी दिलाने व तहरी भोज के शुभ अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजू सिंह नायक व प्रभारी कमलेश प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़े समाज को मान सम्मान बढ़ाने के लिए लाखा बंजारा नायक समाज को सरकार में कोई ना कोई पद जरूर देगी, जिससे बंजारा नायक समाज को गौरव प्राप्त होगा। चूंकि बंजारा नायक समाज भारतीय जनता पार्टी समर्पित संगठन है। इस अवसर पर



महिला मोर्चा की अध्यक्षा पूनम बहन ने कहा कि हमारे तहरी भोजन में शामिल सभी अतिथिगण संस्थानों व समाज सरकार में भागेदारी दिलाने का काम करेंगे ऐसा मै आशा व विश्वास करती हूं। भोज में प्रमुख रूप से उपस्थित सुरेंद्र शर्मा उर्फ दिप्पन भाई अध्यक्ष, जनमानस कल्याण सेवा संस्थान, उत्तर प्रदेश शत्रोहन वाल्मीकि अध्यक्ष, यंग मैन सोशल फाउंडेशन उत्तर प्रदेश, सोनेलाल नायक, भीखम सिंह नायक, अरुण तिवारी, ज्ञान सिंह नायक, विजय सिंह नायक मनजीत सिंह नायक, टार्जन सिंह नायक, माही नायक,गंभीर सिंह नायक, गीता देवी, शिल्पा देवी, संत कुमार नायक प्रधान, दीपक हर विलास आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 11 केवी के लाइन का तार काट कर चोरी किए जाने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के बरौली गांव में 11 केवी लाइन का तार काटकर विभागीय सामग्री की क्षति पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। 33/ 11 केवी उपकेंद्र बदलापुर के अवर अभियंता रमेश सिंह ने कोतवाली में इस बात का केस पंजीकृत कराया है कि 11 केवी बरौली फीडर के तार को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा बदलापुर टाउन के घनश्यामपुर रोड पर प्रदीप निगम की दुकान के पास बने डबल पोल से लेकर मोबाइल टावर तक पोल तक का तार काट कर कुछ उठाकर अरहर के खेत में फेंक दिया गया तथा कुछ उठा ले गए तथा पुल पर लगा डिस्क इंसुलेटर को क्षतिग्रस्त कर दिए जिसके कारण से उक्त लाइन से पुरानी बाजार, मंगूपुर, कस्तूरीपुर, बरौली, अहिरौली आंशिक दाउदपुर की बिजली आपूर्ति बाधित रही। प्रभारी निरीक्षक संतोष पांडे ने बताया कि चोरी का केस पंजीकृत कर लिया गया है चोर की तलाश भी पुलिस को सरगर्मी से है।

## नकली स्वर्ण आभूषण बेचने के आरोप में दुकानदार ने दो को पकड़ा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के भूलेमऊ धर्मापुर बाजार में एक स्वर्ण व्यापारी ने नकली स्वर्ण आभूषण बेचने के आरोप में दो लोगो को पकड़ लिया। मौके पर पहुंची जफराबाद थाने की पुलिस छानबीन में जुटी रही। मुफ्तीगंज निवासी प्रदीप सेठ की धर्मापुर बाजार के बगल में जफराबाद थाना क्षेत्र के भूलेमऊ में स्वर्ण आभूषण की दुकान है। आरोप है कि कल उनके दुकान पर दो व्यक्ति आय तथा आठ हजार मूल्य का एक सोने का आभूषण बेच कर चले गए। बाद में जांच करने पर उक्त आभूषण नकली निकला। आरोप है कि आज पुनः उनकी दुकान पर एक युवक व एक युवती कोई आभूषण बेचने आए तो उसने उन दोनों को पकड़कर शोर मचा दिया। सूचना पर जफराबाद थाने के एसआई मंसाराम फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। समाचार संप्रेषण तक उन दोनों से पूछताछ कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी। इस दौरान दुकान के बाहर काफी लोग जुटे रहे। जफराबाद थाना के उप निरीक्षक मंशा राम ने बताया कि दुकानदार के लगाए गए आरोपी पर पुलिस उक्त दोनों से पूछताछ कर रही है।

# पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार संपन्न

जौनपुर सू.वि. : बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जन जागरूकता के उद्देश्य से पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम 1994 (पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट) विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन विकास भवन के सभागार में किया गया। कार्यशाला में जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट का विस्तार पूर्वक प्रस्तुतिकरण किया गया। ए.सी.एम.ओ डॉ0 राजीव यादव द्वारा जनपद के पजींकृत अल्ट्रासाउंड के केंद्र संचालकों, सी.एच.सी, पी.एच.सी. के चिकित्सको को कार्यशाला में बताया कि 0–6 वर्ष के बच्चों का बाल लिंगानुपात जो पहले 1000 लड़कों पर 930 लड़कियां थी, घटकर 918 हो गया है, जिससे स्पष्ट हो रहा है कि बाल जन्मदर में 12 अंक की गिरावट हो रही है जोकि बहुत ही चिंतनीय है। जिसके सम्बन्ध में विधिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि लिंग असमानता एक सामाजिक बुराई के साथ ही कानूनी अपराध भी है। उन्होंने सभी पैथोलॉजी सेंटर के संचालकों को निर्देशित किया है कि अपने सेंटर पर पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट का पोस्टर, बैनर द्वारा प्रचार प्रसार करें और स्पष्ट रूप से प्रमुख स्थान पर लगाएं कि उनके यहाँ लिंग परीक्षण नहीं होता है। अपने सेंटर के सभी कर्मचारियों और आसपास के अस्पतालों के कर्मचारियों को भी लिंग असमानता के खिलाफ जागरूक किया जाए। जनपद में बाल लिंगानुपात घट रहा है जिसके लिए जिलाधिकारी ने अपील किया कि लिंग परीक्षण कराने वालों की गोपनीय सूचना दे।



उन्होंने कहा कि जनमानस लिंग असमानता के खिलाफ जागरूक हो रही है। सरकार के द्वारा व्यापक रूप से लोगो को जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में लड़किया सभी क्षेत्रों में आगे है। बच्चा पैदा होने के बाद अगर कोई व्यक्ति लड़का लड़की में भेद करता है तो उसको सी.आर.पी.सी. के तहत कार्यवाही की जा सकती है। बेटियां बेटों से किसी भी मामलें में कम नहीं होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा अवैध पैथोलॉजी सेंटरों की जांचकर कार्यवाही की गई है और भविष्य में भी कड़ी कारवाई की जाएगी और फर्जी पैथोलॉजी सेंटर संचालित किए जाने या लिंग पहचान करने वाले लोगों के खिलाफ जांचकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भी भेजा जाएगा। कार्यशाला के आयोजक जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मुख्य नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, विदिशा परीक्षा अधिकारी मुरलीधर गिरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी जौनपुर में करेगी दो दिन प्रवास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि 21 जनवरी को केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी लोकसभा प्रवास समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय पर करेगी उसके उपरांत जिला पदाधिकारी की बैठक लेगी उसके बाद समस्त मोर्चा के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक लेगी। बैठक के उपरान्त मिरसादपुर बदलापुर में वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चतुर्वेदी के यहा भोजन करेगी उसके बाद विधानसभा बदलापुर के प्रवास समिति की बैठक मिरसादपुर बदलापुर में ही लेगी, उसके उपरांत बदलापुर विधानसभा के समस्त पदाधिकारी की बैठक लेगी। बैठक के बाद अन्नपूर्णा देवी जाएगी खुटहन ब्लाक जहां पर लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में सिरकत करेगी उसके उपरांत खुटहन मण्डल के बूथ नं0 416 पर बूथ समिति की बैठक करेगी और वही पर जलपान भी करेगी उसके उपरांत मा० मंत्री गिरीश चन्द्र यादव जी के यहाँ शोक संवेदना व्यक्त करेगी और रात्रि विश्राम निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग



जौनपुर में करेगी। उन्होंने आगे बताया कि दूसरे दिन 22 जनवरी को शाहगंज विधानसभा में विधानसभा के प्रवास समिति की बैठक लेगी उसके उपरान्त शाहगंज जन प्रतिनिधि एवं सहकारिता प्रतिनिधियों के साथ बैठक नगर पालिका परिषद के हाल में लेगी और उसके बाद शाहगंज मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

## छात्रों का भविष्य ही देश का भविष्य तय करता है –सांसद बीपी सरोज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछली शहर विधानसभा क्षेत्र के बेलवा बाजार में स्थित भोलानाथ शांति निकेतन इंटर कॉलेज में स्थानीय भाजपा सांसद बीपी सरोज ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक के अंतर्गत बने चित्र और उसमें लिखे हुए मंत्र को कला प्रतियोगिता के माध्यम से उकेरने और उस में उत्तीर्ण हुए छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद बीपी सरोज ने संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों का भविष्य ही देश का भविष्य तय करता है। इसलिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के भविष्य को निखारने के लिए स्वयं एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक लिखी है।वह परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से छात्रों के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना चाहते हैं जिससे छात्र परीक्षा में सफल हो सके और भविष्य का एक मजबूत भारत बना सके। कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री कितने संवेदनशील और दूरदर्शी हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने व्यस्तता के बावजूद छात्रों के लिए स्वयं एक्जाम वॉरियर्स पुस्तक लिखी जिसमें छात्रों को सफल होने के लिए 28 मंत्र और अभिभावकों को भी 06 सुझाव दिए हैं। छात्रों को भाजपा काशी क्षेत्र शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक कमलेश झा, जिला अध्यक्ष रामविलास पाल और प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह दिनकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सूर्यभान सिंह ,क्षेत्रीय संयोजक डॉ अंजना श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन श्याम दत्त दुबे ने किया। प्रमुख उपस्थित लोगों में चंद्रप्रकाश सिंह पप्पू सुरेंद्र पाठक राकेश मिश्रा और अभिभावक गण रहे।

# महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति किया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के गांव बनवीरपुर में शुक्रवार को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की ओर से महिला उत्पीड़न तथा उनके ऊपर हो रहे जुल्म ज्यादती को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। शिक्षा, स्वास्थ, बलात्कार,विलकिसवानों के मुलाजिमों के रिहाई आदि पर व्यापक पैमाने पर चर्चा हुआ।जिला मंत्री सालिकराम पटेल ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टिकोण से सरकार विफल है। जिसका प्रतिफल है कि महिलाओं के साथ बलात्कार, हत्या, अत्याचार जैसे अपराध रोजमर्रा की चीज बन गई है। रामनाथ यादव ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि महिलाओं से संबंधित योजनाएं सिर्फ कागजी घोड़ा बनकर सिमट गई है।वह जमीन पर दिखाई नही दे रहा है। सरकार की ढुलमुल रवैए के कारण सरकारी अमला उसमें बंदरबांट कर रहे हैं घ्सीता देवी,कर्मा, पार्वती व संजू आदि महिलाओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता हीरा लाल गौतम तथा संचालन संदीप शर्मा ने किय।मुख्य रूप से सुभाष पटेल, बलराम पटेल, वीडीसी विंद आदि रहे।

# बक्शा विकास खण्ड के चुरावनपुर व कौली गांव में आयोजित चौपाल : ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा विकास खण्ड के चुरावनपुर व कौली गांव में शुक्रवार को को आयोजित सुशासन दिवस चौपाल कार्यक्रम में पहुँचे अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनके निराकरण का आश्वासन दिया। चुरावनपुर में पंचायत भवन पर आयोजित चौपाल कार्यक्रम में पहुँचे खण्ड विकास अधिकारी ने चौपाल की महत्ता बताई। लेखपाल शुभम श्रीवास्तव, कृषि विभाग, समूह से अंकुर मालवीय, जिला आंगनवाड़ी कार्यकत्री सुनीता यादव, कार्यकत्री सिंधू उपाध्याय, आशा कार्यकत्री इन्दू ने ग्रामीणों के समक्ष शासन की योजनाओं की जानकारी दी। संचालन सचिव सरिता पाल व आभार प्रधान राजेश कुमार ने ज्ञापित किया। कौली गांव में आयोजित चौपाल कार्यक्रम में सचिव नागेंद्र सिंह व प्रधान अभिषेक सिंह ने योजनाओं की जहां जानकारी दी वही राजस्व निरीक्षक राजेश शुक्ल, लेखपाल शैलेन्द्र श्रीवास्तव, धीरेंद्र प्रताप, इंदल कुमार, प्रधानाध्यापक सरोज सिंह, शशिबाला मौजूद रही।

# दुष्कर्म के आरोपी को जौनपुर से ले गई महाराष्ट्र की पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में गुरुवार सुबह आई महाराष्ट्र की पुलिस सिकरारा पुलिस के सहयोग से एक युवक को उठा लिया और अपने साथ महाराष्ट्र लेकर चली गई। उक्त गांव निवासी शंकरलाल गौतम पुत्र सूरज गौतम विगत 2 साल से मुंबई में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था और मुंबई के चुना भट्टी हर्बल लाइन के पास रूम लेकर रहता था 3 माह पहले वह पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करके फरार हो गया था जब लड़की गर्भवती हो गई तो परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो परिजनों ने वहां के स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया था ।आरोपित युवक को खोजते सुबह मुंबई कि पुलिस पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया और अपने साथ लेकर महाराष्ट्र चली गई इस संबंध में पूछने पर थानाध्यक्ष रमेश ने बताया कि महाराष्ट्र की पुलिस मेरे पास आई और सारी घटना के विषय में जानकारी दिया तो हमने अपने हमरा हियों के साथ पहुंचकर गिरफ्तारी करवा दिया।युवक को लेकर महाराष्ट्र पुलिस रवाना हो गयी हैं।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत बच्चो को किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह– 2023 के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात/ नगर



कुलदीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में सम्भागिय परिवहन से श्रीमती स्मिता बर्मा (पी0टी0ओ0प्रवर्तन), प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला व समस्त उप निरीक्षक यातायात की उपस्थिति में सेन्ट जॉन्स स्कूल में पहुँचकर बच्चों को यातायात नियमों की सपथ दिलायी गयी और यातायात नियमों की जानकारी, जागरुकता, उपयोगिता, और आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। शहर के वाजीदपुर, जेसिज, पालिटेक्निक, ओलंदगंज, पचहटिया, सिहींपुर, बदलापुर पड़ाव, आदि स्थानों पर नो पार्किंग, दोपहिया पर तीन सवारी, वाहनों में हूटर, सायरन व प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाकर प्रवर्तन की कार्यवाही किया गया साथ ही साथ लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक भी किया गया।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जलालपुर थाना क्षेत्र के इजरी गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की रात 11बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक 31वर्षीय युवक की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 31वर्षीय अनुराग सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह निवासी प्रघानपुर थाना जलालपुर रात में इजरी गांव निवासी दोस्त से मिलकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे ।करीब पांच सौ मीटर हाइवे पर चले थे की किसी वाहन के चपेट में आ गए ।जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनो को दिया ।और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में रोना पिटना मच गया।

# स्नान दान तर्पण एवं भगवान विष्णु की पूजा सदा फलदायी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माघ मास की अमावस्या को मौनी अमावस्या का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष इस पर्व का सुखद संयोग 21 जनवरी दिन शनिवार को मिल रहा है। ज्योतिष एवं तंत्र आचार्य डॉ शैलेश मोदनवाल के अनुसार इस दिन किया गया स्नान, दान, तर्पण एवं भगवान विष्णु की पूजा व्रत आदि विशेषफल एवं अभीष्ट की प्राप्ति कराने वाला होता है। नारद पुराण के अनुसार इस दिन पार्वण विधि से श्राद्घ, दान, ब्राह्मण भोजन विशेषरूप से गोदान को अत्यंत पुण्यदायी कहा गया है। शास्त्रों के अनुसार संपूर्ण माघमास में प्रमुख तीर्थों में विशेषरुप से प्रयाग त्रिवेणी में गंगा स्नान से विशेष फल की प्राप्ति होती है। भविष्य पुराण के अनुसार इस मास में सूर्योदय से पूर्व स्नान करने से सभी पातक दूर हो जाते हैं और प्रजापत्य यज्ञ का फल प्राप्त होता है। माघमास के देवता भगवान माधव हैं इसलिए इस मास में स्नान दान उपवास के साथ भगवान माधव की पूजा अत्यंत फलदाई है। माघ मास की अमावस्या को जो प्रयाग में गंगास्नान करता है वह सब पापों से मुक्त होकर स्वर्ग में जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार जो व्यक्ति इस दिन मौन रहकर गंगा स्नान व दान करता है उसे सहस्त्र गोदान का फल प्राप्त होता है।

## सास ने बहु के हाथ को दांतों से काटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भुइली गांव की दलित बस्ती की रहने वाली एक नवविवाहिता ने थाने पर तहरीर देकर अपने सास पर हाथ को दांतों से काटने का आरोप लगाया और पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है गांव की रहने वाली सोनाली 23 पत्नी अर्जुन राम अपने घर मे कार्य कर रही थी इस दौरान सास किसी बात से नाराज हो गई और गुस्से में आ अपने दांतों से सोनाली के हाथ को बुरी तरह काट लिया सोनाली का पति दिल्ली रहता है सोनाली ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की वही थानेदार विक्रम लक्ष्मण सिंह का कहना है तहरीर मिली है उचित कार्यवाही होगी।

# नवजात बालिका का मिला शव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज क्षेत्र के बेलवार मार्ग पर रायपुर कला सड़क के बगल खेत में नवजात बालिका का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगो के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम किसी ग्रामीण की नजर नवजात बालिका के शव पर पड़ी उसने लोगों के बीच चर्चा किया । सूचना पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया। नवजात बालिका की उम्र महीने से भी कम बताई जा रही है।

# उत्तर प्रदेश में हरित मानकों के तहत होने वाले निर्माण पर पांच प्रतिशत छूट

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनउ। उत्तर प्रदेश में भवन निर्माण के क्षेत्र में हरित मानकों को अपनाने को प्रोत्साहन देते हुये राज्य सरकार ने विशेष रियायत दिये जाने की घोषणा की है। राज्य के व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने आज यहां यह जानकारी दी। श्री गुप्ता ने पर्यावरण अनुकूल निर्माण पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेष में जो भी भवन निर्माण हरित मानकों के अनुरूप होगा उसमें पांच प्रतिशत तक रियायत दी जायेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य के चंहुमुखी विकास के लिये दिन रात काम कर रही है। सम्मेलन का आयोजन हरित एवं पर्यावरण अनुकूल अभियानःजैमः के तहत देश के प्रमुख वाणिज्य एवं उद्योग मंडल एसोचौम ने किया है। दो दिवसीय इस सम्मेलन के शुरूआती सत्र को संबोधित करते हुये मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 1500 से अधिक भवन हरित निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर रहे हैं। जैम इंटरनेशनल सस्टेनिबिलिटी कान्क्लेव एण्ड एक्सपो 2023 के इस पांचवे सम्मेलन में उत्तर प्रदेश को फोकस राज्य चुना है और यही वजह है कि सम्मेलन का आयोजन लखनउ में किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि इस सम्मेलन में चर्चा और विचार विमर्श के बाद जो भी नतीजे होंगे वह उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष पेश करेंगे और जिन नीतियों और कानूनों में सुधार की जरूरत होगी उस दिशा में कदम उठाये जायेंगे। इससे पहले उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य एवं एस आर समूह के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने उद्यमियों को राज्य में निवेश के लिये आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर निवेशकों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, ''उत्तर प्रदेश की धरती पर आपका स्वागत है। आप यहां निवेश कीजिये, मैं सरकार की तरफ से आपको आश्वस्त करता हूं कि आपको कोई असुविधा नहीं होगी। आप जो भी निवेश करेंगे उसमें अच्छी बरकत होगी।' उत्तर प्रदेश के शहरी विकास मंत्रालय में सचिव श्री रंजन कुमार ने भारत को जी20 समूह की अध्यक्षता मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और कहा कि उत्तर प्रदेश एक राज्य के तौर पर बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में सतत विकास को प्रोत्साहन देते हुये




इसमें सहयोग कर रहा है। सतत विकास से जलवायु में होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि हमें अर्थव्यवस्था में लचीलापन किस प्रकार लाया जाये इस पर ध्यान देना होगा क्योंकि घटिया स्तर की बुनियादी सुविधाओं से आठ प्रतिशत तक नुकसान होता है। एसोचौम जैम ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल के चेयरमैन पंकेज धारकर ने अपने संबोधन में हरित निर्माण को प्रोत्साहन दिये जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं पर गौर होना चाहिये और उर्जा बचत के विकल्पों को इस्तेमाल में लाया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में कार्बनडाई उत्सर्जन में भवनों की 18 प्रतिशत तक हिस्सेदारी है। इसलिये भवन निर्माण गुणवत्ता में सुधार की नितांत आवश्यकता है। एसोचौम जैम यूपी के चेयरमैन और एरिनेम कंसल्टेंसी सविर्सिज के प्रधान आर्किटेक्ट अनुपम मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि एसोचौम का हरित एवं पर्यावरण अनुकूल अभियान यानि जैम निजी और सरकारी क्षेत्र की नई और मौजूदा निर्माण परियोजनाओं के लिये एक उनके टिकाउ होने एवं सस्टेनिबिलिटी रेटिंग प्रमाणन का कार्यक्रम है। इसमें आवासीय परियोजनायें, वाणिज्यिक, स्वास्थ्य देखभाल, भंडारगृह, समार्ट कैंपस, विश्वविद्यालय, स्कूल, हवाईअड्डे और रेलवे स्टेशनों के भवन शामिल हैं। जैम में देशभर के वास्तविद्, योजना बनाने वाले, एमईपी डिजाइनर, हरित भवन एवं पयार्वरण सलाहकार, शिक्षाविद और पेशेवर शामिल हैं। एसोचौम जैम के देशभर में 12 राज्यों में इसकी शाखायें हैं और अब तक 1500 से अधिक प्रमाणीकृत हरित भवन अंकेक्षकों और पेशेवरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# यूपी में स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार : सहयोग दें अधिकारी व कर्मचारी –उप मुख्यमंत्री

लखनऊ ब्यूरो : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। मेडिकल सुविधाओं के क्षेत्र में यूपी को देश में नंबर वन बनाना है। इसके लिए कई नए इनोवेशन किए जा रहे हैं। अधिकारी और कर्मचारी इस क्षेत्र में भी अपना योगदान दें। वह एनेक्सी में विभागीय अधिकारियों के साथ तकनीकी पहलुओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू) के सहयोग से उपकरणों के रखरखाव के लिए क्रिटिकल एसेसमेंट एंड रिव्यू ऑफ इक्युपमेंट (केयर) एप विकसित किया गया है। उन्होंने एप की निगरानी के लिए स्टॉफ तैनात करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि हर सोमवार को इस एप लॉग इन करके नोडल अधिकारी महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की जानकारी अपलोड करेंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा मासिक आधार पर समीक्षा की जाएगी। महत्वपूर्ण जानकारी दर्ज करने के बाद महानिदेशालय स्तर से ही संशोधन किया जा सकेगा। निजी निवेश को लेकर हुई चर्चा समीक्षा के दौरान अस्पतालों के विकास में निजी निवेश के लिए सरकार के सहयोग की नीति विषय को लेकर चर्चा हुई। पुरानी पीपीपी मॉडल नीति और नई परिभाषित नीति पर चर्चा हुई। भारत सरकार द्वारा वाएबिलिटी गैप (वीजीएफ) एवं राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन संबंधी मॉडलों पर चर्चा



के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आने वाली कॉरपोरेट घरानों को बेहतर सुविधाएं दी जानी चाहिए। ताकि वे ज्यादा से ज्यादा निवेश करें। इसका सीधा फायदा मरीजों को मिलेगा। वीएचएनडी का मिल रहा लाभ ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) को लेकर जानकारी दी गई कि साल 2015 से पहले सिर्फ नियमित टीकाकरण तक सीमित था, लेकिन अब टीकाकरण के साथ परिवार नियोजन और बाल एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाएं भी दी जा रही हैं। प्रसव पूर्व जांच एवं नियमित टीकाकरण सेवाएं चल रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने वीएचएनडी कार्यक्रम को गति देने के निर्देश दिए हैं।

# कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका सप्ताह दिवस के अवसर पर 18 से 24 जनवरी तक बालिकाओं को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उक्त के क्रम में 20 जनवरी को कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय में पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया किया गया। कार्यक्रम में महिला शक्ति केंद की जिला समन्वयक बबिता व प्रतिभा सिंह द्वारा बताया कि आज लड़कियां लगभग हर क्षेत्र में कार्यरत हैं और अपनी स्थिति को मजबूत कर रही हैं, एक दौर ऐसा भी था जब बच्चियों को गर्भ में ही मार दिया जाता था इस कारण लिंग असमानता की समस्या बढ़ी। जन्म के बाद उनका बाल विवाह कर देते, जिसकी वजह से वह अपना बचपन खो देती हैं। शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास से वंचित रह जाती हैं और साथ ही कम उम्र में गर्भवती होने से किशोरी और शिशु दोनों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इन सभी का असर देश के विकास पर भी होता है। बालिकाओं के खिलाफ होने वाली इन्हीं



कुरीतियों के अंत और किशोरियों को समाज के प्रथम पायदान पर लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जनवरी माह में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाली बालिकाओं को सम्मानित करके उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती शशिरानी श्रीवास्तव व अन्य शिक्षिका श्रीमती सीता सिंह, रंजना यादव, आयशा तहसीन द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# एआरटीओ प्रवर्तन ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर कसा शिकंजा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) परिवहन विभाग द्वारा मनाये जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस विभाग के समन्वय से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर बाइक ट्रिपलिंग, प्रेशर हॉर्न, हूटर, नो पार्किंग के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। वही इसी कड़ी में एआरटीओ प्रवर्तन प्रवीण कुमार सिंह ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि परिवहन विभाग द्वारा वर्षभर चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की जाती है। सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य है कि यातायात नियमों के प्रति आम जनमानस को प्रेरित किया जाए। केवल चेकिंग कर जुर्माना वसूलना विभाग का लक्ष्य नहीं है, विभाग की मंशा सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाने का है। उन्होंने कहा कि हो रहे सड़क हादसों में मरने वालों की संख्या में युवा शामिल है ,जोकि अत्यंत चिंता का विषय है। उन्होंने वाहन चालकों को जानकारी देते हुए कहा कि नशा नींद तेज रफ्तार सड़क हादसों के प्रमुख कारण हैं, बाइक पर ट्रिपलिंग न करें इससे चालक का नियंत्रण नहीं रहता हेलमेट सीट बेल्ट के नियमित प्रयोग से सड़क हादसों में मृतकों की संख्या को कम किया जा सकता है । दोपहिया वाहनों



के सड़क हादसों में मौत का बड़ा कारण हेड इंजरी है जिसे हेलमेट लगाकर रोका जा सकता है। हेलमेट सुरक्षा का वो ताज है जो सिर को सुरक्षित रखता है। अभियान के दौरान यातायात चिन्ह युक्त पंपलेट भी बांटे गए।इस अभियान में प्रभारी एआरटीओ प्रवर्तन संदीप चौधरी, यात्री कर अधिकारी खुर्शीद ,राम सिंह, दुर्गेश सिंह, बाल गोविंद उपाध्याय आदि शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस ने निकाली जागरुकता रैली : सीओ सिटी व सीओ यातायात ने संयुक्त रुप से रैली को किया रवाना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिये यातायात पुलिस कर्मियों ने सीओ सिटी कार्यालय से यातायात के प्रति जागरुकता रैली निकाली।इस रैली को सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव ने संयुक्त रुप से रवाना किया। इस मौके मौजूद सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव ने संयुक्त रुप से बताया कि इस समय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रतिदिन यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लोगों को यातायात नियम के प्रति जागरूक करने के लिये निबंध प्रतियोगिता, भाषण, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इसी कड़ी में आज गुरुवार को यातायात विभाग द्वारा यह रैली निकाली गई।जो सीओ सिटी कार्यालय से होते हुये, रोडवेज, कचेहरी, एसएसपी आवास,मोदहा, रेलवे स्टेशन, पुष्पराज चौराहा, शांति चौक,नाका, नवीन मंडी, फतेहगंज, चौक,रीडगंज, गुदड़ी बाजार,नियावा, कैंट, रिकाबगंज चौराहा सहित कोतवाली नगर व कैंट थाना क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक चौराहे पर जाकर रैली के माध्यम से वाहन चालकों को जागरुक किया।




इस रैली का नेतृत्व कर रहे यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला व महिला थाना प्रभारी निरीक्षक निशा शुक्ला ने संयुक्त रुप से वाहन चालकों से अपील किया कि आप सभी लोग जब भी वाहन अपने अपने घरों से निकाले तो वाहन चेकिंग से बचने के लिये वाहन संबंधित कागजात अवश्य रखें। वही वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करती न करें। क्योंकि आपका जीवन बहुत अमूल्य है।इस मौके पर यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला,महिला थाना प्रभारी निरीक्षक निशा शुक्ला के अलावा उप निरीक्षक रेखा सहित एक दर्जन से अधिक महिला थाना व यातायात विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

# फिल्मों में अश्लीलता तथा देवताओं का अपमान रोकने हेतु धर्म सेंसर बोर्ड की हो गाइड लाइन जारी –शंकराचार्य

प्रयागराज ब्यूरो : फिल्म अछवा वेब सीरीज के जरिए हिंदू देवी–देवताओं का अपमान, सनातन संस्कृति की छवि धूमिल करने के साथ ही अश्लीलता परोसने पर रोक लगाने के लिए गठित धर्म सेंसर बोर्ड की बृहस्पतिवार को माघ मेले में गाइड लाइन जारी कर दी गई। ज्योतिष्पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने इस बोर्ड की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह बोर्ड केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का पूरक होगा। इस नौ सदस्यीय बोर्ड में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक समेत न्यायविद् और सिने जगत की भी हस्तियां शामिल हैं। त्रिवेणी मार्ग स्थित ज्योतिष्पीठ के शिविर में दोपहर पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने धर्म सेंसर बोर्ड का कामकाज के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी हिंदू देवी–देवताओं के रूप में धार्मिक किरदार को किसी भी फिल्म, वेब सीरीज में दिखाने की अनुमति तब तक नहीं दी जाए, जब तक उसके किसी भाग में कोई दृश्य, शब्दावली, संवाद, गीत, हाव–भाव, भावार्थ कुछ भी सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर विपरीत असर डालता हो। जिस फिल्म में धर्म, संस्कृति, राष्ट्रीय मान बिंदुओं का हनन या उपहास होता हो, उसके प्रमाणन अथवा प्रदर्शन पर सम्यक रूप से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि फिल्मों में महिला एवं पुरुष कलाकारों के परिधान भारतीय मर्यादा को रेखांकित करने वाले हों और अश्लीलता को बढ़ावा न मिले। दोअर्थी गीतों और भावों वाले संवाद पर भी रोक लगनी चाहिए। महिलाओं के साथ हिंसा की घटनाओं को भी प्रस्तुत न किया जाए। इसके लिए फिल्म सेंसर बोर्ड को धर्म सेंसर बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए उससे परामर्श करना चाहिए। ताकि,समाज या धर्म, संस्कृति,परंपरा का हनन न होने पाए। यह बोर्ड यह भी सुनिश्चित करेगा कि फिल्मों के शीर्षक धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले न हों। इसके लिए बोर्ड की कार्यशैली झोंको, टोको, रोको के तहत अपनाई जाएगी। इस बोर्ड की मदद से स्कूल– कॉलेज और विश्वविद्यालयों में ऐसे कोई भी पाठ्यक्रम होंगे तो उनको भी हटवाया जाएगा । इस बोर्ड के संरक्षक ज्योतिष्पीठाधीश्वर खुद होंगे।




इस बोर्ड के प्रमुख सुरेश मनचंदा बनाए गए हैं। इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्र, स्वामी चक्रपाणि, अभिनेत्री मानसी पांडेय, उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के उपाध्यक्ष तरुण राठी, कैप्टन अरविंद सिंह भदौरिया, प्रीति शुक्ला, डॉ. गार्गी पंडित, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ. धर्मवीर इस बोर्ड में शामिल किए गए हैं। हाथी–घोड़े से सुसज्जित शोभायात्रा संग माघ मेला पहुंचे द्वारका शारदा पीठाधीश्वर द्वारका–शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने बृहस्पतिवार को हाथी–घोड़े, ऊंटों से सुसज्जित शोभायात्रा के साथ माघ मेला में प्रवेश किया। शाम को उन्होंने ज्योर्तिमठ में भूधंसान के अलावा गंगा और सहायक नदियों के बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताई। शंकराचार्य ने कहा कि ज्योतिर्मठ में भूधंसान के पीछे बांध विकास परियोजनाएं ही हैं। ऐसी बांध परियोजनाओं की समीक्षा की जानी चाहिए। द्वारका पीठाधीश्वर ने कहा कि गंगा की धारा को हर हाल में अविरल–निर्मल होना चाहिए। गंगा निर्मलीकरण के लिए सरकारों की ओर से जो प्रयास हो रहे हैं, सिर्फ उनके भरोसे न रहा जाए। उन्होंने साधु–संतों के अलावा नागरिकों का आह्वान किया कि वह गंगा की निर्मलता के लिए आगे आएं। गंगा में किसी तरह की गंदगी न फैलाई जाए। इसलिए कि गंगा हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में विकास परिनोजनाएं ही विनाशकारी बन रही हैं। इस पर नए सिरे से सोचा जाना चाहिए। इससे पहले दोपहर एक बजे मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथी, घोड़े के साथ निकली शोभायात्रा में शंकराचार्य का रास्ते में कई जगह स्वागत किया गया। सुबह मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने मां और पत्नी के साथ शंकराचार्य का दर्शन किया।

## बॉडी वार्न कैमरों से लैस पुलिस कर्मी करेगे माघ मेले की निगरानी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ)माघ मेला मीडिया सेल के मुताबिक माघ मेला के प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या को सुरक्षित व सकुशल संपन्न कराने के लिये पुलिस कर्मी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।इसी कड़ी में गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइंस माघ मेला के मानसरोवर सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस के दिशा निर्देश पर 'बॉडी वार्न' कैमरे से लैस 80 पुलिसकर्मियों को मेला क्षेत्र में प्रमुख स्थानों पर तैनात किया गया।मेला पुलिस के इन बॉडी वार्न कैमरा के जवानों के साथ चप्पे–चप्पे पर असामाजिक तत्वध्संदिग्ध व्यक्तियोंध लावारिस वस्तुओं एवं अनधिकृत रूप से ड्रोन के माध्यम से वीडियो और फोटोग्राफी करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, माघ मेला के द्वारा मौनी अमावस्या के स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते



हुए 80 पुलिसकर्मियों जो 'बॉडी वार्न' कैमरे से लैस है के साथ बैठक करते हुए मेला क्षेत्र में उनकी उपयोगिता, ड्यूटी के महत्व को बताते हुए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने इस्तीफे से किया इनकार : बोले दोषी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा

गोंडा ब्यूरो : यौन शोषण के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं हर तरह की जांच के लिए तैयार हूं। दोषी बनकर इस्तीफा नहीं दूंगा। सिंह शुक्रवार को गोंडा के नंदिनी नगर स्थित आवास पर अपने नजदीकी लोगों से विचार विमर्श कर बाहर निकल गए हैं। वह आज शाम को 4 बजे प्रेस करेंगे। विवादों के बाद गुरुवार की देर रात अपने पैतृक गांव विश्वनोहपुर पहुंचे सांसद बृजभूषण शरण सिंह शुक्रवार की सुबह नंदिनी नगर पहुंचे। उन्होंने देश भर से आए पहलवानों से मुलाकात की। नंदिनी नगर में शनिवार से नेशनल चौंपियनशिप प्रतियोगिता है। उसकी तैयारी की जानकारी ली। उसी समय मौके पर पहुंचे पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिया। सिंह ने कहा कि अभी ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। इस्तीफा देने पर कहा कि मुझे इस्तीफा देने के लिए नहीं कहा गया है, 24 घंटे में जवाब देने को कहा गया है। जवाब भेज दूंगा। पहलवानों के विरोध पर स्पष्ट किया कि उन्होंने सभी पहलवानों को अवसर देने के लिए प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू किया है। जो कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है। नंदिनी नगर में नेशनल चौंपियनशिप पर कहा कि विवादों के कारण इसे रद्द नहीं कर सकते क्योंकि देश भर से पहलवान आए हैं। उनका नुकसान होगा साथ ही कहा कि मैं विदेश नहीं भागूंगा, 23 जनवरी



तक तो नंदिनी नगर में ही हूं। उन्होंने कहा कि मामले पर सही समय पर जवाब देंगे। स्पष्ट किया कि आरोप निराधार है किसी भी एजेंसी से जांच हो जाए। उधर, दिल्ली में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 10.30 बजे पहलवानों से मिलने के कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया है। नवाबगंज के बिश्नोहरपुर गांव में बृजभूषण शरण सिंह की सुरक्षा में उनके आवास पर जिले के पांच थानों की पुलिस को तैनात किया गया है उनके आवास पर समर्थकों का भी जमावड़ा लग गया है। गृहमंत्री अमित शाह से बातचीत के सवाल पर सांसद ने कहा कि मेरी किसी से कोई बात नहीं हुई है। तीन फीसदी पहलवान ही कर रहे विरोध, 97 फीसदी मेरे साथ बृजभूषण शरण सिंह ने आरोपों को मनगढ़ंत बताया है कहा कि देश के 97 फीसदी पहलवान उनके साथ हैं सिर्फ तीन फीसदी पहलवान विरोध में हैं। योन शोषण के आरोपों पर कहा कि सब झूठ बोल रहे हैं और लोग जान भी रहे हैं।

## जिलाधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग की निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार चुनाव कराये जाने का दिया निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) मनीष कुमार वर्मा ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना द्वारा क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों तथा जिला पंचायतों के सदस्यों के वैधानिक रूप से रिक्त स्थानों/पदों, जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। उक्त के क्रम में मैं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय), जौनपुर, जनपद के रिक्त क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों विकास खण्ड केराकत के क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 44 उदयचन्दपुर तृतीय (अनारक्षित), विकास खण्ड रामपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 80 गन्धौना द्वितीय (अनुसूचित जाति), विकास खण्ड सुईथाकला क्षेत्र पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 34 डीह असरफाबाद प्रथम (अन्य पिछड़ा वर्ग) का उप निर्वाचन, जो मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो, पर निम्नांकित विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार कराये जाने का निर्देश देता हूॅ : नाम निर्देशन पत्रां को जमा करने का अन्तिम दिनांक व समय 24 जनवरी, 2023 (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा का दिनांक व समय 25 जनवरी, 2023 (पूर्वाह्न 10:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक), उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक व समय 27 जनवरी, 2023 (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक), प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 27 जनवरी, 2023 (अपराह्न 03:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक) मतदान का दिनांक व समय 9 फरवरी, 2023 (पूर्वाह्न 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक), मतगणना का दिनांक व समय 10 फरवरी, 2023 (पूर्वाह्न 08:00 बजे से कार्य की समाप्ति तक) होगा। क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों के रिक्त स्थानों/पदों पर निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 20 जनवरी 2023 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस निर्वाचन कार्यक्रम को प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराते हुए व्यापक प्रचार कराया जायेगा और गॉवों में मुनादी द्वारा सर्वसाधारण को इसकी सूचना दी जायेगी। सार्वजनिक जानकारी हेतु ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, तहसील कार्यालय और जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के सूचना पट्ट पर यह कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा। सार्वजनिक सूचना निर्गत होने के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारम्भ हो जाएगा। उक्त उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (सदस्यों का निर्वाचन) नियमावली–1994 के अनुसार सम्पन्न होगा। उपर्युक्त उप निर्वाचन में नामांकन पत्रों का विक्रय, नामांकन पत्रों के दाखिल करने, उनकी जॉच करने, उम्मीदवारी वापस लेने तथा चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर होगा तथा जिला पंचायत सदस्यों के लिए जिला मुख्यालय पर होगा। सभी मतों की गणना क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। सदस्य क्षेत्र पंचायत के स्थानों/पदों का निर्वाचन परिणाम क्षेत्र पंचायत मुख्यालय पर घोषित किया जाएगा तथा सदस्य जिला पंचायत के स्थानों/पदों का निर्वाचन परिणाम जिला मुख्यालय पर घोषित किया जाएगा। उपर्युक्त समय सारिणी के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। संदर्भित निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के सम्बन्ध में राज्य आपदा प्रबन्ध, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराए जाएंगे।

# विवाहिता ने लगाई फांसी : हत्या की आशंका

लखनऊ ब्यूरो : आलमबाग के एलडी रनिंग शेड कॉलोनी में विवाहिता खुशी (19) ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए जांच की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश यादव के मुताबिक, मूलरूप से सीतापुर निवासी खुशी की डेढ़ महीने पहले एलडी रनिंग शेड़ कॉलोनी निवासी सूरज से हुई थी। सूरज ने बताया कि वह बेकरी के सामान का सेल्समैन है। सप्लाई करने के लिए बुधवार दोपहर को निशातगंज गया था। इस बीच मां सरस्वती का फोन आया और बताया कि पत्नी कमरे में दुपट्टे के सहारे लटक रही है। सूचना पर पहुंचे विवाहिता के भाई श्रीराम ने ससुराल वालों पर मारकर लटका देने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत गोसाईंगंज के माढ़रमऊ निवासी ओम (32) ने बुधवार दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर आननफानन परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडेय के मुताबिक, राकेश ने बताया कि बुधवार दोपहर भाभी ने फोन करके बताया कि उसके पति ओम ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने बताया कि मर्जी से जहरीला पदार्थ खाया है। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। परिवार में पत्नी आशा व छह बच्चे हैं।


# रोड शो से पहले ही गुजरात में मिले 25 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

लखनऊ ब्यूरो : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए गुजरात के अहमदाबाद में रोड शो करने गई योगी सरकार की टीम को रोड शो से पहले ही बृहस्पतिवार को 25 हजार करोड़ रुपये निवेश प्रस्ताव मिले हैं। गुजरात की टोरेंट फार्मा ने यूपी में फार्मा प्लांट लगाने के लिए 24 हजार करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है। वहीं अमूल इंडिया ने पश्चिमी यूपी के बागपत में 900 करोड़ की लागत से नया प्लांट लगाने का प्रस्ताव रखा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए निवेश आमंत्रित करने के सिलसिले में राज्य सरकार की टीम बृहस्पतिवार शाम गुजरात पहुंची। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और ज्ञानेंद्र नाथ सिंह ने टोरेंट फार्मा के अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने टोरेंट के फार्मा प्लांट का जायजा भी लिया। उन्होंने टोरेंट फार्मा को यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित किया। कंपनी की ओर से यूपी में फार्मा प्लांट लगाने के लिए 24 हजार करोड़ निवेश का प्रस्ताव दिया। वहीं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के एसीएस नवनीत सहगल ने ट्रांसस्टेडिया समूह और अमूल समूह के सीईओ जयन मेहता से मुलाकात की। मेहता ने बागपत में अमूल का नया प्लांट लगाने का प्रस्ताव दिया। नए प्लांट पर करीब 800 करोड़ रुपये खर्च होंगे और सौ करोड़ रुपये के निवेश से दूध संग्रहण यूनिट की क्षमता को 10 लाख लीटर दूध प्रतिदिन से बढ़ाकर 25 लाख लीटर किया जाएगा। अमूल का दावा है कि इससे दो लाख किसानों को फायदा होगा और 4500 लोगों को रोजगार मिलेगा। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर और अधिकारियों की यह टीम शुक्रवार को अहमदाबाद में बिजनेस टू गवर्मेंट बैठक और रोड शो कर निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करेगी।

# एमटेक पास से 25.50 लाख ठगने वाला ठग गिरफ्तार

लखनऊ ब्यूरो : सचिवालय एफसीआई धनबाद में नौकरी का झांसा देकर एमटेक पास आउट से 25.50 लाख ठगने वाले को गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने विनयखंड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने शक्तिभवन में इंटरव्यू कराकर सचिवालय का जाली नियुक्ति पत्र थमाया था। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि आरोपी की पहचान बलरामपुर के ललिया निवासी हृदय नारायण मिश्रा के रूप में हुई। वह गोमतीनगर विस्तार के कौशलपुरी में किराये पर रहता है। 19 जून 2022 को मिर्जापुर निवासी अनिल कुमार सिंह ने हृदय नारायण मिश्रा, विपिन कुमार शर्मा, चंदा यादव, राकेश चौधरी व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। 11 जनवरी को पुलिस ने विपिन कुमार शर्मा को जेल भेजा था। गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। जमीन के नाम पर 32 लाख ठगने वाले को दबोचा चिनहट पुलिस ने मटियारी में दूसरे की जमीन बेचकर 32 लाख रुपये की ठगी करने वाले प्रॉपर्टी डीलर दिलीप कुमार सिंह को गिरफ्तार लिया। आरोपी मूल रूप से गोमतीनगर के विवेकखंड–4 का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव के मुताबिक, 23 सितम्बर 2022 को आजमगढ़ स्थित कप्तानगंज निवासी रेखा यादव ने दिलीप कुमार सिंह, विक्रम सिंह यादव व रोहित कुमार यादव के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर फर्जीवाड़ा व अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया था।

# ढाबा में लगी आग पर दो दमकलों ने पाया काबू



लखनऊ ब्यूरो : इंदिरानगर के सूगामऊ स्थित ढाबा में बृहस्पतिवार रात अचानक आग लग गई। लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से एक घंटे में लपटों पर काबू पा लिया। ढाबा मालिक के मुताबिक, करीब छह लाख का नुकसान हुआ है। रामभजन के बेटे अनुज रावत ने बताया कि 2019 में ढाबा खोला था। पुराना स्टाइल देने के लिए झोपड़ी वाला लुक दिया था। बृहस्पतिवार रात करीब सवा 11 बजे पड़ोसियों ने ढाबे में आग लगने की सूचना दी थी। दमकलकर्मी इरशाद ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।